तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 राष्ट्रीय वित्तीय दिवस पर जिला विधिक सेवा ...



14 जिला स्तरीय पंचायती राज दिवस का आयोजन...



## खबर संक्षेप

### आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए निगम का विशेष अभियान शुरू

**दुर्ग।** शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग नगर निगम द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निगम की टीम द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने का कार्य नियमित रूप से दो शिफ्टों में किया जा रहा है। अतिक्रमण टीम ने आमदी मंदिर के पीछे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर काऊ कैचर वाहन की सहायता से मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़ा। रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पकड़े गए मवेशियों को रेडियम पट्टी पहनाई जा रही है, ताकि अंधेरे में भी वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें और वाहन चालकों को सतर्कता मिल सके।

### राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग



**दुर्ग।** बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 राजद्रोह के तहत कार्रवाई का लेकर यह ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि विगत दिनों सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से लॉ की छात्रा ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के ऊपर अभद्र टिप्पणी के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के खिलाफ अभद्र शब्दों व संविधान से प्रदत्त अधिकार आरक्षण के विरोध में अभद्रता पूर्ण टिप्पणी की थी। इस पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से कृष्णा कोर्सेवाड़ा, बंटी चौरे, सचिन गवई, संतोष बंजारे, दिनेश शिंदे, चैन सिंह धीरतलहरे, संजय गजभिए सहित अन्य शामिल थे।

## हादसा : शादी समारोह में जा रहे थे दोनों युवक घायल का सिमगा में इलाज जारी

# ट्रेलर-बाइक की भिड़ंत में बेमेतरा हाईवे पर युवक की मौत और साथी गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- तेज रफ्तार का कहर : बसनी मोड़ के पास हुआ दर्दनाक हादसा

जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बेमेतरा–सिमगा नेशनल हाईवे शनिवार शाम फिर से एक दर्दनाक सड़क हादसे का गवाह बना, जहां ट्रेलर और बाइक की जबरदस्त टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम तिवरैया निवासी अजय यादव अपने रिश्तेदार हरि यादव के साथ बाइक से बेमेतरा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान शाम करीब 5 बजे ग्राम बसनी मोड़ के पास सिमगा की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चला रहे अजय यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठे हरि यादव को गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने घायल को संभाला और तत्काल सिमगा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल भेजा, जहां पोस्टमार्टम रविवार को कराया जाएगा। वहीं ट्रेलर चालक खुद थाने पहुंच गया है, जिसे पुलिस ने सुरक्षा में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बसनी मोड़ के पास पहले भी कई हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके यहां सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए हैं। इस घटना के बाद एक बार फिर हाईवे की सुरक्षा व्यवस्था और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक का शव मरच्युरी में रखवाया गया है, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



# जिले में नियमों को धता बता रहीं गुड़ फैक्ट्रियां जहरीले धुएं से ग्रामीणों का दम घुट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- चिमनियों से 24 घंटे निकल रहा धुआं, आंखों में जलन और सांस की शिकायत बढ़ी
- मानकों का नहीं हो रहा पालन,ग्रामीणों ने की सख्त कार्रवाई

जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित गुड़ फैक्ट्रियां इन दिनों पर्यावरण और जन-स्वास्थ्य के लिए खतरा बनती जा रही हैं। खुलेआम नियमों की अनदेखी करते हुए इन फैक्ट्रियों का संचालन किया जा रहा है, जिससे निकलने वाला जहरीला धुआं और गैसें पूरे क्षेत्र की हवा को प्रदूषित कर रही हैं। हालात यह हैं कि फैक्ट्रियों के आसपास रहने वाले ग्रामीणों का जीवन प्रभावित हो गया है और उन्हें रोजाना स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में भीषण गर्मी के बीच जिले में गन्ना पिराई का काम तेज़ी से जारी है। गन्ने से रस निकालने के बाद बचने वाले अवशेषों को वैज्ञानिक तरीके से निपटाने के बजाय कई फैक्ट्री संचालक खुले में जला रहे हैं। इससे वातावरण में धुएं का स्तर बढ़ रहा है और तापमान में भी वृद्धि हो रही है। सूखे मौसम के चलते खेतों और बस्तियों में आग लगने का खतरा भी लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन फैक्ट्रियों की चिमनियां निर्धारित ऊंचाई की नहीं हैं और न ही धुएं को फिल्टर करने के लिए आवश्यक उपकरण लगाए गए हैं। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभागों द्वारा नियमित निरीक्षण नहीं किया जा रहा है।



### मॉनिटरिंग के अभाव में फैक्ट्री संचालक बेखौफ, कर रहे हैं नियमों का उल्लंघन

प्रदूषण के चलते आसपास के गांवों में दृश्यता तक प्रभावित हो रही है। लोगों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन, खांसी और एलर्जी जैसी समस्याएं हो रही हैं। विशेष रूप से बुजुर्ग और बच्चों पर इसका अधिक असर देखने को मिल रहा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि गुड़ फैक्ट्रियों की व्यापक जांच कराई जाए और प्रदूषण फैलाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही पर्यावरण सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके और किसी बड़े हादसे की आशंका को टाला जा सके। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है और प्रभावित ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

## जिला किसान कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति सूची जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



- संगठन को मजबूत करने नव–नियुक्त पदाधिकारियों को दी जिम्मेदारी

जिला किसान कांग्रेस ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी है। यह नियुक्तियां अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा एवं राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला की सहमति से की गई हैं। नियुक्ति प्रक्रिया में प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति भी शामिल रही। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा की अनुशंसा एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मंगतराम साहू के हस्ताक्षर से जारी सूची के अनुसार बेमेतरा ब्लॉक से धनंजय साहू, बेरला से ईश्वर सिन्हा, साजा से कन्हैया साहू, थानखम्हरिया से जलेश्वर सिंह, नवागढ़ से चंद्रिका साहू, नांदघाट से लेखराम साहू तथा संबलपुर से लवकुमार राजपूत को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई हैं। जिला किसान कांग्रेस ने नव-नियुक्त अध्यक्षों से अपेक्षा जताई है कि वे संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करते हुए पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे।

## खुर्सीपार रेलवे फाटक 2 मई तक के लिए बंद

**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अंतर्गत भिलाई–भिलाई नगर के बीच स्थित खुर्सीपार रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते सड़क वाहनों का आवागमन अब 2 मई 2026 तक बंद रहेगा।

रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, समपार फाटक क्रमांक किमी 855/7-9 पर अप लाइन में आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पहले 18 अप्रैल 2026 की शाम 8 बजे से 27 अप्रैल 2026 की सुबह 8 बजे तक यातायात बंद किया गया था। अब अतिरिक्त मशीनी कार्य के कारण इस अवधि को बढ़ाते हुए 2 मई 2026 की रात 8 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान आम नागरिकों और वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने प्रशासन सख्त

**कवर्धा।** खरीफ सीजन के मद्देनजर किसानों को उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कबीरधाम जिला प्रशासन ने अवैध परिवहन और कालाबाजारी के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। कृषि विभाग ने जिले से बाहर उर्वरकों के अवैध निकासी, भंडारण और बिक्री पर रोक लगाने हेतु पुलिस विभाग को पत्र जारी कर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उप संचालक कृषि, जिला कबीरधाम द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सहकारी समितियों और निजी थोक व फुटकर विक्रेताओं को केवल जिले के किसानों को ही उर्वरकों का विक्रय करना अनिवार्य है। जिले से बाहर या अन्य राज्यों में उर्वरकों की बिक्री पूर्णतः अवैध मानी जाएगी। कृषि विभाग ने आशंका जताई है कि कुछ क्षेत्रों में उर्वरकों का अवैध परिवहन कर बाहरी बाजारों में खपाया जा रहा है।

जिससे स्थानीय किसानों को परेशानी हो सकती है।






# संबलपुर आंदोलन पर जिला भाजपा अध्यक्ष का पलटवार

### कहा कि क्षेत्र में जनाधार खिसकने से बौखलाई कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम संबलपुर में मंत्री दयाल दास बघेल का पुतला दहन किए जाने के बाद भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने प्रेस को जारी बयान में कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अजय साहू ने कहा कि क्षेत्र में जनाधार खिसकने से बौखलाई कांग्रेस अब आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का सहारा लेकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रही है। उन्होंने कांग्रेस नेता गुरुदयाल सिंह बंजारे पर सीधा निशाना साधते हुए उन्हें "बाहरी व्यक्ति" करार दिया और कहा कि जनता को भ्रमित करने की कोशिश सफल नहीं होगी। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि गुरुदयाल सिंह बंजारे के पांच साल के कार्यकाल में जनहित की जगह आपराधिक तत्वों को बढ़ावा मिला। उन्होंने कहा कि बंजारे के समर्थक के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें वर्ष 2021 में मंत्री बघेल के घर और वाहन में तोड़फोड़, मुलमुला कांड में मारपीट जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। अजय साहू ने सवाल उठाया कि जो नेता नैतिकता की बात करते हैं, क्या वे अपने ऐसे समर्थकों पर भी जवाब देंगे? उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शासन की जमीन पर कब्जा कर नैतिकता की बात करना "सूरज को आंख दिखाने" जैसा है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने मंत्री दयाल दास बघेल को क्षेत्र का लोकप्रिय जनप्रतिनिधि बताते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता नवागढ़ का विकास और शांति बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि नवागढ़ की जनता बाहरी नेताओं की कार्यशैली को भली-भांति समझ चुकी है और अब भ्रमित नहीं होगी। अजय साहू ने मंत्री बघेल के कार्यकाल को विकासोन्मुख बताते हुए कई कार्यों का उल्लेख किया। इनमें दो नए महाविद्यालय भवन, नवागढ़ कॉलेज के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की स्वीकृति, 100 बिस्तर अस्पताल, विभिन्न समाजों के भवन निर्माण और बेमेतरा-नवागढ़-मुंगेली सड़क के नवीनीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। उन्होंने अंत में आरोप लगाया कि कांग्रेस इन विकास कार्यों को पचा नहीं पा रही है और इसी कारण इस तरह के आंदोलन कर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने का प्रयास कर रही है।



## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालक का किया जा रहा प्रचार

**कवर्धा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2026 में आयोजित होने वाले नेशनल लोक अदालत के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को छत्तीसगढ़ राज्य में तालुका न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सुलह समझौता से निराकृत किये जाएंगे। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए इस स्थापना अन्तर्गत विभिन्न थानाओं में पदस्थ पैरालीगल वालिन्टियर्स द्वारा अपने क्षेत्रों में विभिन्न सुदुर अंचलों के गांवों, नगरों, कस्बों में नेशनल लोक अदालत के लाभों के बारे में बताते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी प्रकार विभिन्न विभागों के नगरों, गांवो में भ्रमण करने वालों वाहनों के माध्यम से भी उक्त नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### स्व जनगणना प्रक्रिया की दी गई जानकारी

**कवर्धा।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिले के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कवर्धा विकासखंड के ग्राम बिरकोना में भी विशेष ग्राम सभा आयोजित की गई, जिसमें अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा मुख्य रूप से शामिल हुए। ग्राम सभा में जनगणना 2027, मोर गांव, मोर पानी अभियान, स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान तहसीलदार प्रमोद चंद्रवंशी, मास्टर ट्रेनर अनिल केशरवानी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा ने ग्रामवासियों को बताया कि जनगणना 2027 को विशेष रूप से ग्राम सभा से जोड़ा गया है। यह कार्य दो चरणों में पूरा किया जाएगा।

### महिला प्रकोष्ठ कार्यशाला में स्वच्छता पर दिया जोर

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में शुक्रवार को एक-दिवसीय महिला प्रकोष्ठ कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**आयोजन : निवेश और धोखाधड़ी से बचाव की दी गई जानकारी**

# राष्ट्रीय वित्तीय दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित स्टेट प्लान ऑफ एक्शन कैलेंडर 2026-27 के तहत राष्ट्रीय वित्तीय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम माननीय अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन में तथा सचिव स्वर्णलता ओम यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर का आयोजन भारतीय स्टेट बैंक स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण संस्थान चोरभट्ठी, शासकीय जिला चिकित्सालय बेमेतरा, ग्राम खाल्हेंदेवरी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरदा में किया गया। इस दौरान सचिव द्वारा उपस्थित लोगों को वित्तीय साक्षरता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में लोगों को पैसे के सही उपयोग, नियमित बचत, सुरक्षित निवेश और ठगी से बचाव के उपायों के बारे में बताया गया। साथ ही बैंकिंग सेवाओं एवं डिजिटल पेमेंट के प्रति सतर्क रहने की सलाह देते हुए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आय का एक हिस्सा भविष्य के लिए बचाने की प्रेरणा दी गई। इसके अतिरिक्त आगामी नेशनल लोक अदालत, दिनांक 09 मई 2026 के संबंध में भी जानकारी दी गई। इसमें समझौता योग्य आपराधिक



प्रकरण, चेक बाउंस मामले, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, सिविल वाद, बिजली-पानी बिल बकाया एवं आपदा क्षतिपूर्ति से जुड़े मामलों के अधिकाधिक निराकरण हेतु लोगों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अधिकार मित्र (पीएलवी) पंकज कुमार घृतलहरे, संजीव शर्मा, धरमू बारले, स्वाति कुंजाम, पवन साहू, देवेन्द्र यादव एवं टुवेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

# विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की थीम "मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रेरितः अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा" पर आधारित रही, जिसके तहत लोगों को मलेरिया से बचाव और समय पर उपचार के प्रति जागरूक किया गया। डॉ. बी.एल. राज की देखरेख में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारी द्वारा जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को मलेरिया से बचाव, जांच और उपचार संबंधी जानकारी देगा। कार्यक्रम में बताया गया कि मलेरिया एक गंभीर और जानलेवा बीमारी है, जो संक्रमित मादा मच्छर के काटने से फैलती है। इसके प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द और उल्टी शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत जांच और उपचार कराना जरूरी है, जो सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में निःशुल्क उपलब्ध है।अभियान के तहत लोगों को महत्वपूर्ण संदेश दिए गए जिसमें हर बुखार की जांच कराएं समय पर पहचान और पूर्ण उपचार से मलेरिया से बचाव संभव,मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें,स्वच्छ वातावरण बनाए रखें और मच्छरों को पनपने से रोकें इसके साथ ही मच्छर एवं लार्वा नियंत्रण के लिए जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल डालने तथा सामान्य मच्छरदानी को कीटनाशक से उपचारित कर उपयोग करने की सलाह दी गई।

- **अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा का संदेश**

# आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर रायपुर का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ थान खम्हरिया




पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, थानखम्हरिया के छात्र-छात्राओं ने एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रायपुर स्थित रीजनल साइंस सेंटर एवं संग्रहालय का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान और इतिहास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विद्यालय की प्राचार्य सुषमा खंडेलवाल एवं मनीष चौबे ने बताया कि भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा उन्हें छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराना है। साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने विज्ञान से जुड़े विभिन्न मॉडलों और प्रयोगों को करीब से देखा तथा जटिल सिद्धांतों को सरल तरीके से समझा। वहीं संग्रहालय में प्राचीन शिल्पकला, पुरातात्विक वस्तुओं और इतिहास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल कीं। भ्रमण दल को विद्यालय परिसर से प्राचार्य द्वारा पूजा-अर्चना के बाद रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें नई चीजें सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। भ्रमण को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। बच्चों ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे ज्ञानवर्धक और यादगार बताया। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों के मार्गदर्शन एवं सुरक्षा के लिए विद्यालय के शिक्षक भी साथ रहे। इनमें शैलेश बारमते, अमनदीप कौर, रंजना मांडे, रश्मि साहू, ममता कौशिक, प्रसन्न जायसवाल, आकांक्षा सिंह, श्रेयांश शर्मा, निखिल देवांगन, मारिया अंजुम, सीमा टंडन, मुस्कान जायसवाल, मोना साहू, अनीता मस्तके, हिमांशी पाली, सुमन, नारायण साहू, बाबूलाल साहू एवं दीपांकर मिर्झा शामिल थे।

# जिला स्तरीय पंचायती राज दिवस का आयोजन ग्राम सभाओं में विकास योजनाओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



पंचायती राज दिवस के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। जिला पंचायत बेमेतरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन बैठकों में गांवों के समग्र विकास को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए योजनाओं का निर्माण किया गया। ग्राम सभाओं में गांवों को आत्मनिर्भर एवं विकसित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विकास योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान महिला स्व-सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। उन्होंने "नया तरिया, कमाई के जरिया" अभियान के तहत आजीविका संवर्धन एवं स्वरोजगार के अवसरों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। बैठकों में जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए "पानी की हर बूंद को सहेजने" का संदेश दिया गया। आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पूर्व तैयारियों, जल संरचनाओं के संरक्षण तथा समयबद्ध कार्य निष्पादन पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी ग्राम सभाओं में विशेष जोर दिया गया। ग्रामीणों को घरों से निकलने वाले गंदे पानी के उचित निस्तारण, कूड़ा-करकट को इधर-उधर न फैलाने तथा गांव में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त, ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से करदाताओं की एंट्री का कार्य भी प्रगति पर है। इससे पंचायतों की राजस्व व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ-साथ कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और ग्राम विकास से जुड़े निर्णयों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। पंचायती राज दिवस के इस आयोजन ने ग्रामीण क्षेत्रों में सहभागिता आधारित विकास को नई दिशा प्रदान की है।

- **गांवों को आत्मनिर्भर बनाने पर हुई व्यापक चर्चा**
- **महिला स्व-सहायता समूहों ने दिए स्वरोजगार के सुझाव**

# संकुल परिवार कवर्धा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में शिक्षा जगत के तीन स्तंभों अश्वनी शर्मा, अनुज चन्द्रवंशी और लाला गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर संकुल परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दिया गया। इस अवसर पर संकुल परिवार के सदस्यों ने फूल-मालाओं और स्मृति चिह्नों के साथ अपने वरिष्ठ साथियों को विदा किया। कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों ने अपने दशकों लंबे अनुभव साझा करते हुए पुरानी यादें ताजा किया। उन्होंने बताया कि उनके शुरुआती सेवाकाल में आज की तरह सुविधाएं उपलब्ध नहीं था। आवागमन के साधन सीमित थे और स्कूलों में बुनियादी संसाधनों का अभाव था। इन चुनौतियों के बावजूद शिक्षा की लौ जलाए रखा। शिक्षकों ने वर्तमान पीढ़ी को सलाह दिया कि एक आदर्श शिक्षक के लिए समय का पाबंद होना, अनुशासनप्रिय बने रहना और निरंतर अध्ययनशील रहना अनिवार्य है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विद्यालय का सफल संचालन स्टाफ और समुदाय के आपसी तालमेल पर निर्भर करता है। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने मार्मिक संदेश दिया कि मनुष्य को सदैव अपने कर्मों के प्रति ईमानदार रहना चाहिए।

# मंत्री के पुतला दहन पर सियासी घमासान, भाजपा ने बताया 'साजिश'

हरिभूमि न्यूज ⏭ संबलपुर

संबलपुर में प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री दयाल दास बघेल के पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन को लेकर क्षेत्र की राजनीति गरमा गई है। इस पूरे घटनाक्रम पर भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे राजनीतिक प्रदर्शन नहीं साजिश करार दिया है।

भाजपा के कई अन्य नेताओं ने इस प्रदर्शन की निंदा करते हुए इसे युवा कांग्रेस की आड़ में असामाजिक तत्वों द्वारा किया गया आयोजन बताया।

भाजपा नेता एवं विधायक प्रतिनिधि तोप सिंह वर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह प्रदर्शन जनहित से जुड़ा नहीं है, बल्कि उन लोगों द्वारा किया गया है जो लंबे समय से क्षेत्र में भय गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष मारो राकेश राजपूत ने प्रदर्शन को "राजनीतिक तमाशा" बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था सख्त होने के कारण अवैध कारोबार से जुड़े लोग बौखला गए हैं। उन्होंने कहा कि संबलपुर बस स्टैंड में अवैध कब्जा कर बनाए गए अड्डों पर कार्रवाई से बचने के लिए यह दबाव की राजनीति की जा रही है।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला सहसंयोजक मदन वर्मा ने भी पूर्व विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें संबलपुर के विकास से कोई सरोकार नहीं है, बल्कि वे अपने गुर्गों को बचाने के लिए इस तरह के सियासी ड्रामे कर रहे हैं। उन्होंने मुर्गी फार्म में लूटपाट, मंत्री आवास पर पथराव और अन्य आपराधिक घटनाओं का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि इन घटनाओं में शामिल लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

भाजयुमो मंडल अध्यक्ष धनंजय सिंह राजपूत ने इस पूरे प्रकरण को कांग्रेस के अंदरूनी गुटबाजी का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि पार्टी में महत्व न मिलने से उपजी हताशा के चलते इस तरह के प्रदर्शन किए जा रहे हैं। अजा मोर्चा के जिला मंत्री अशोक कोसले ने मंत्री बघेल के पुतला दहन को एक बड़े नेता का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि संबलपुर जैसे शांत क्षेत्र में इस प्रकार के राजनीतिक प्रदूषण फैलाने की कोशिश की जा रही है, वह भी तब जब मंत्री बंगाल चुनाव में व्यस्त हैं। उन्होंने विपक्ष पर "नकारे नेताओं द्वारा राजनीतिक स्टंट" करने का आरोप लगाया।

भाजपा जिला सह संयोजक (व्यापार प्रकोष्ठ) स्वतंत्र साहू ने कहा कि इस कार्यक्रम से स्थानीय कांग्रेस नेताओं की दूरी साफ दर्शाती है कि यह प्रदर्शन जमीनी स्तर का नहीं, बल्कि कुछ लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थों के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने इसे "अपने गिरोह के काले कारनामों पर पर्दा डालने का प्रयास" बताया।

वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश साहू ने मंत्री के पुतला दहन को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि "उल्टा चोर कोतवाल को डांटे" जैसी स्थिति बन गई है, जहां दोषी खुद आरोप लगा रहे हैं।

अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष निरंजन चेलक ने कहा कि नवागढ़ क्षेत्र अब शांति और विकास का प्रतीक बन चुका है, जहां षड्यंत्र, झूठ, फरेब और दलाली की राजनीति के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि मंत्री बघेल की स्वच्छ छवि और लंबी राजनीतिक यात्रा में ऐसे तत्वों की कोई जगह नहीं है।

### नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बोड़ला।** कबीरधाम पुलिस ने नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को सकुशल बरामद किया है। तकनीकी साक्ष्यों और सुनियोजित रणनीति के आधार पर की गई इस कार्रवाई को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली कवर्धा के थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश कश्यप के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गई। प्रार्थी द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री 22 जून 2025 की रात घर से बिना बताए लापता हो गई है। इस पर अपराध क्रमांक 269/2025 के तहत धारा 137(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान सायबर सेल की मदद से संदेही के मोबाइल नंबर का सीडीआर और लोकेशन विश्लेषण किया गया।

### लायंस क्लब कवर्धा ने आयोजित की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

लायंस क्लब ने शुक्रवार 24 अप्रैल को डीएफओ कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में पर्यावरण संरक्षण एवं हमारा कर्तव्य विषय पर एक संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य अतिथि कबीरधाम के डीएफओ निखिल अग्रवाल थे, विशिष्ट अतिथि वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी अभिनव केशरवानी थे व अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल ने की। मुख्य अतिथि की आसंदी से अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर वन विभाग के कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि वन मंडल की ओर से किसान मित्र योजना के तहत ग्रामवासियों को निःशुल्क पौधे उपलब्ध करवाए जाते हैं और इनके संरक्षण के लिए राशि भी दी जाती है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

**कार्रवाई : नगर को स्वच्छ व सुव्यवस्थित बनाने प्रशासन सख्त**

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर में लंबे समय से जाम और अव्यवस्था का कारण बने सड़क किनारे अतिक्रमण पर नगर पालिका एवं प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी राहत प्रदान की है। यात्री प्रतीक्षालयों के सामने फैले ठेले-टपरी हटाए जाने के बाद प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। ठाकुर देव चौक, बिलासपुर रोड और नंदी चौक क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के बाद सड़कें पुनः अपने मूल स्वरूप में लौट आई हैं।

पहले जहां सड़क की चौड़ाई अतिक्रमण के कारण आधी रह गई थी, वहीं अब वाहन बिना किसी बाधा के आवागमन कर पा रहे हैं। इससे रोजाना जाम से जूझने वाले नागरिकों और यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। राजस्व प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि अतिक्रमण हटने के बाद यातायात सुचारु हो गया है और प्रतीक्षालयों का उपयोग अब सुरक्षित व व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है। पूर्व में यात्रियों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती थी और सड़क किनारे खड़े होकर इंतजार करना पड़ता था, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी।




**सख्ती से बदली व्यवस्था**

बिगड़ते हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन और नगर पालिका ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। सुबह से शुरू हुई कार्रवाई के दौरान एक-एक कर सभी ठेले हटाए गए। मौके पर पुलिस बल की तैनाती के कारण कार्रवाई शांतिपूर्ण रही और क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया गया।

**जारी रहेगा अभियान : नपाध्यक्ष**

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्पष्ट किया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए केवल प्रशासनिक कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि नागरिकों का सहयोग भी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नियमों का पालन करते हुए व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। राजस्व प्रभारी श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। पहले मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाया जा रहा है, इसके बाद शहर के अंदर भी जहां-जहां व्यवसायिक अतिक्रमण से यातायात बाधित हो रहा है, वहां सख्त कार्रवाई की जाएगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411